**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 09.05.2026** **समय : 0705**

**<><><><><><><>**

1. शुभेंदु अधिकारी आज पश्चिम बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे।
2. सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय शहीद द्वीप पर पैरासेलिंग गतिविधियाँ आयोजित करने जा रहा है।
3. सरकार ने कहा कि देशभर में घरेलू एलपीजी की कोई कमी नहीं है।
4. धन्नीखाड़ी बांध में जलस्तर घटा–विभाग ने आम जनता से जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील की।

<><><><><><><>

शुभेंदु अधिकारी आज पश्चिम बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री और एनडीए शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। इससे पहले कल, श्री अधिकारी को राज्य भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। विधायक दल की बैठक कोलकाता में गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री शाह ने कहा कि शुभेंदु अधिकारी के पक्ष में सभी प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद, श्री अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर एन रवि से मुलाकात की और राज्य में पहली भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनाने का दावा पेश किया।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय शहीद द्वीप पर पैरासेलिंग गतिविधियाँ आयोजित करने जा रहा है। इस संबध में निदेशालय ने पर्यटन हितधारकों, जलक्रीड़ा और नाव ऑपरेटरों से आवेदन आमंत्रित किए है। इसका उद्देश्य विभिन्न स्थानों पर विशेष पर्यटन श्रेणी के तहत अवकाश और मनोरंजक जलक्रीड़ा गतिविधियों को बढ़ावा देना है। निदेशालय ने जलक्रीड़ा दिशानिर्देश, 2015 के अनुसार, भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अधीन गोवा स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वॉटर स्पोर्ट्स के माध्यम से "जोखिम मूल्यांकन और सुरक्षा ऑडिट" करवाया है। शहीद द्वीप में यह पैरासेलिंग गतिविधियां लक्ष्मणपुर तट और रामनगर तट पर चलाई

जाएगी। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते है। जो द्वीप समूह जलक्रीड़ा दिशानिर्देश, 2015 के तहत निर्धारित पात्रता मानदंडों और सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा किया होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए सूचना प्रचार और पर्यटन निदेशालय से सम्पर्क किया जा सकता हैं।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए द्वारा जांच किए जा रहे 10 से 15 लंबित मामलों की सुनवाई के लिए कम से कम एक विशेष अदालत गठित की जाए। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि विशेष न्यायालयों का गठन एक महीने के भीतर किया जाना चाहिए। मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए शीर्ष न्यायालय ने निर्देश दिया कि कोई अन्य मामले विशेष न्यायालयों को नहीं सौंपे जाएंगे और सुनवाई प्रतिदिन के आधार पर की जाएगी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय कल तक राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह मना रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य देश भर के स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में अग्नि रोकथाम और सुरक्षा उपायों को मज़बूत करना है। इस वर्ष अग्नि सुरक्षा सप्ताह का विषय सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज – अग्नि रोकथाम के लिए एकजुट है। अभियान का लक्ष्य स्वास्थ्य कर्मियों, विद्यार्थियों और आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना, नियमों का पालन सुनिश्चित करना और सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि देश भर में घरेलू एलपीजी की सुचारू आपूर्ति जारी है और किसी भी वितरक पर आपूर्ति में कमी की कोई रिपोर्ट नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की कमी का सामना न करना पड़े और कीमतें स्थिर बनी रहें।

<><><><><><><>

धन्नीखाड़ी बांध में जलस्तर पचास मीटर से नींचे जा चुका है जिसके कारण अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा नगरपालिका परिषद् को आपूर्ति किए जाने वाले जल की मात्रा में उल्लेखनीय कमी आई है। इससे निपटने के लिए परिषद् ने कल रटलैंड द्वीप से जल संग्रहण की वैकल्पिक व्यवस्था प्रारंभ की है। अब तक लगभग दो सौ टन जल एकत्र कर टैंकरों द्वारा लम्बालाईन जल शोधन संयंत्र तक पहुंचाया गया है जहां इसके उपचार और वितरण की व्यवस्था की जा रही है। विभाग जल संकट के प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है तथा आम जनता से अपील की है कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले के मत्स्य किसानों, मछुआरों, मत्स्य विक्रेताओं, स्वयं सहायता समूहो, सहकारी समितियों, उद्यमियों तथा अनुसूचित जाति–जनजाति और महिला लाभार्थियों से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। योजना के तहत सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को चालीस प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति–जनजाति और महिला लाभार्थियों को साठ प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसके अंतर्गत खारे पानी एवं मीठे पानी के मत्स्य पालन हैचरी स्थापना, फिश फीड मिल, कोल्ड स्टोरेज सहित विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इच्छुक उम्मीदवार संबंधित दस्तावेज़ों के साथ अटठारह मई तक सहायक निदेशक मत्स्य दक्षिण अंडमान के ज़ोनल फीशरीज़ कार्यालय के पते पर आवेदन जमा कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए विभाग की मेल आईडी ddzfo744101@gmail.com अथवा मोबाइन नंबर 7908568839 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

ANTCC के अध्यक्ष, टी.एस.जी. भास्कर, ने जिला परिषद के नव–निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। उन्होंने अध्यक्ष पी. उमर के आगामी कार्यकाल के सफल तथा जन–हितैषी होने की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नया नेतृत्व दक्षिण अंडमान के लोगों के कल्याण और विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करेगा।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि ग्रेट निकोबार परियोजना इस बात का उदाहरण है कि समग्र विकास किस तरह आर्थिक विकास, पारिस्थितिक संरक्षण और सामाजिक समावेश को संतुलित कर सकता है। सरकार ने कहा कि यह परियोजना भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्री और रक्षा उपस्थिति को मजबूत करने के लिए ग्रेट निकोबार की रणनीतिक स्थिति का लाभ उठाती है। यह बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बंदरगाहों की

तुलना में विशिष्ट भौगोलिक लाभों के साथ एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल भी स्थापित करेगी, जिससे भारत एक प्रमुख आर्थिक और रणनीतिक केंद्र के रूप में स्थापित होगा। पर्यावरण संबंधी गहन जांच और उसके परिणामस्वरूप लागू सुरक्षा उपायों के कारण ही पर्यावरण और वन संबंधी स्वीकृतियां प्रदान की गईं। ये स्वीकृतियां न्यायिक जांच में खरी उतरी हैं। इनमें एक ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, 450 मेगावाट क्षमता वाला गैस–सौर ऊर्जा संयंत्र और एक नियोजित टाउनशिप शामिल है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

सोमनाथ में आयोजित ग्यारह मई को राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के लाईव प्रसारण के कार्यक्रम के साथ श्री विजयपुरम के मज़ार पहाड़ स्थिति शिव मंदिर में प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा– **द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार** की बड़ी खबर है। इसके अलावा अखबार ने पानी के भीतर सबसे उंची मानव श्रंखला बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने जहाजरानी सेवा निदेशालय द्वारा कैम्पबेल–बे जाने वाले जहाज़ के समय सारणी जारी करने के समाचार को अपने पहले पन्ने में जगह दी है। । **इंफो इंडिया** ने बाराटांग में लंबे समय से चल रहे बिजली संकट को लेकर जन अंदोलन की घोषणा के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने एंटी नारकोटिक्स पुलिस द्वारा दो दशमलव शून्य तीन तीन किलोग्राम गांजा ज़ब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने के समाचार को अपने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>